हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

[बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला]



नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा-करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

आज से तीन दिवसीय सुआ-गरबा महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नवरात्रि पर्व के पावन पर्व पर माता सेवा के साथ उल्लास और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कसडोल नगर में जय मां दुर्गा सुआ एवं गरबा उत्सव समिति द्वारा तीन दिवसीय सुआ एवं गरबा महोत्सव 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में होने वाले इस आयोजन में करीब 500 बच्चे अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इनमें 350 बालिकाएं और 150 बालक शामिल हैं। महोत्सव को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है और इन दिनों वे नियमित अभ्यास में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकगण सम्मिलित होंगे।

350 बालिकाएं और 150 बालक लेंगे हिस्सा



तीनों दिन अलग-अलग थीम पर होंगी रंगारंग प्रस्तुतियां

गरबा और सुआ नृत्य की तैयारियां लगभग पूरी

कार्यक्रम की तैयारी के तहत बच्चों को गरबा प्रशिक्षक रोशन ध्रुव के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चे तक़रीबन 15 दिनों से गरबा और सुआ नृत्य की बारीकियां सीखने के साथ अपनी प्रस्तुतियों को बेहतर बनाने में जुटे हुए थे। आयोजन में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों के साथ गरबा और फिल्मी भक्ति गीतों पर भी रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समिति केसदस्य धर्मेंद्र साहू, वेद साहू, आशीष साहू और यश राव ने बताया कि महोत्सव के तीनों दिन अलग-अलग थीम निर्धारित की गई हैं। प्रत्येक दिन की थीम के अनुरूप प्रतिभागियों की वेशभूषा और नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति, लोकगीतों और आधुनिक गरबा शैली का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

एकल और समूह नृत्य प्रतियोगिता भी

महोत्सव के दौरान बालक-बालिकाओं के लिए एकल और समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। समिति के अनुसार, बच्चों के प्रशिक्षण के लिए 200 और 300 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया था, जबकि कार्यक्रम देखने आने वाले दर्शकों के लिए प्रति व्यक्ति 50 रुपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। दर्शकों और बच्चों के अभिभावकों के बैठने की भी व्यवस्था की गई है।आयोजकों ने बताया कि सुआ एवं गरबा महोत्सव का उद्देश्य बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और छत्तीसगढ़ की समृद्ध पारंपरिक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

दुर्घटना : सड़क पर लगा जाम, पुलिस ने क्रेन से हटवाए वाहन

दो ट्रेलरों के बीच भीषण भिड़ंत स्टेयरिंग में फंसा चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

गिधौरी से बलौदाबाजार मार्ग पर एन एच 130 बी पर ग्राम बरपाली के धान मंडी के पास गुरुवार शाम 4बजे के आसपास बडा हादसा हुआ जिसमें दो ट्रेलरो में जबरदस्त भिडंतः से एक ट्रेलर चालक स्टेरिंग पर फंसकर गभीर रुप से घायल हो गया।और तडपता रहा। दुसरा ट्रेलर चालक को कोई चोंटे

नहीं लगा है और हालत ठीक है जबकि पहले ट्रेलर चालक बुरी तरह से स्टेरिंग फंसा रहा । जिसे आननफानन में बरपाली के ग्रामीणों ने रस्सी और अन्य ट्रक के सहारे पर







रस्सीसे खींचकर दुर्घटना ग्रस्त ट्रेलर को बडी ही मशक्कत और मुश्किल से चालक को बाहर निकाल गया है और नोमेश एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल अस्पताल भेजा गया चालक की गंभीर स्थिति के कारण बलौदाबाजार रिफर किया गया है गंभीर से घायल चालक कांती कुमार की कमर, हाथ तथा एक पैर बुरी तरह टुट गया है और बेहोशी की हालत पर है। और स्थिति नाजुक बनी हुई है।

मामले की जांच में जुटी पुलिस

ट्रेलर क्रमांक सी जी 15 ईएफ 7343 के चालक कांतीकुमार ग्राम नुनेरा जिला कोरबा निवासी है जो ट्रेलर बुरी तरह से चकनाचूर हो गया हो गंभीर से घायल है दुसरा ट्रेलर सी जी 13 ए इब्ल्यू 9475 के चालक को किसी तरह से चोंटे नही आया है । घटना के बाद गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है और सडक हादसे में ट्रेलर को बीच सडक से हटाने के लिए गिधौरी पुलिस द्वारा क्रैन मंगाकर किनारे साईड पर करने की व्यवस्था किया जा रहा था।

हरहुने किस्म की कटाई में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अंचल में धान की फसल पककर तैयार होने के साथ ही कटाई का दौर शुरू हो गया है। इन दिनों खेतों में हरहुने किस्म की धान की कटाई की जा रही है। किसान फसल की कटाई कर उसे सुरक्षित रखने में जुट गए हैं। वहीं, दूसरी ओर सरना किस्म की धान की फसल अभी पकने में समय ले रही है। ऐसे में किसानों को सरना धान की कटाई के लिए अभी इंतजार करना पड़ रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में हरहुने धान की कटाई का नजारा देखने को मिल रहा है।

■ हिरमी-रावन अंचल में धान कटाई शुरू

कि सा न पारंपरिक तरीके के साथ ही हार्वेस्टर मशीनों से भी कटाई की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, खेतों में नमी अधिक होने के कारण कई स्थानों पर जमीन अभी हार्वेस्टर मशीन चलाने योग्य नहीं हुई है। जमीन सूखने के बाद ही मशीनों से कटाई का काम तेजी से शुरू हो सकेगा। धान कटाई के सीजन को देखते हुए हार्वेस्टर संचालक भी अपनी मशीनों की तैयारी में जुट गए हैं। मशीनों में आवश्यक मरम्मत और रखरखाव का काम किया जा रहा है, ताकि कटाई के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो।






बजरंग चौक कसडोल ।


बगदेवी पारा कसडोल ।


शीतला चौक कसडोल ।


सिरपुर रोड कसडोल


बाजार चौक कसडोल ।


कर्मा माता चौक हड़हा ।

खबर संक्षेप



संतोषी सोनवानी बनी 10 किग्रा फायबर सिलेण्डर की पहली उपभोक्ता

तिल्दा नेवरा। भारतगैस लाइट जिपबीपीसीएल की अगली पीढ़ी का ग्राहक-केंद्रित एलपीजी समाधान है, जो हल्के वजन वाले कंपोजिट भारतगैस लाइट सिलेंडर के फायदों को गति, सुविधा और बेहतर ग्राहक अनुभव पर केंद्रित एक डिजिटल रूप से सक्षम प्रीमियम सेवा मॉडल के साथ जोड़ता है। लाइट जिप के तहत, ग्राहक एक सरलीकृत ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से जल्दी से एक नया एलपीजी कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं, जबकि सिलेंडर बुकिंग के चार घंटे के भीतर वितरित किए जाते हैं। इन सिलेंडरों में आसान संचालन (हैंडलिंग) के लिए हल्के वजन का डिज़ाइन, जंग-मुक्त कंपोजिट बॉडी, पारदर्शी सिलेंडर बॉडी के माध्यम से दिखने वाला एलपीजी स्तर, जैसी कई अन्य विशेषताएं शामिल हैं। शांभवी भारत गैस एजेंसी तिल्दा के अधिकत विक्रेता दिलीप परगनिहा ने बताया कि फिलहाल 14.2 किलो क्षमता वाले नए घरेलू गैस सिलेंडर के कनेक्शन बंद हैं। ऐसे में नए उपभोक्ताओं के लिए 10 किलो का मिनी सिलेंडर एक विकल्प है। पुराने उपभोक्ता भी इसे ले सकते हैं, जबकि पहले से चल रहे 14.2 किलो के सिलेंडरों का इस्तेमाल जारी रहेगा। शुक्रवार को पहले दिन दो उपभोक्ता को दो मिनी सिलेंडरों के कनेक्शन जारी किए गए।

नयापारा डमरू में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आज

बलौदाबाजार। ग्राम पंचायत भवन नयापारा डमरू में शनिवार, 17 अक्टूबर को शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू के तत्वावधान में निशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। शिविर में विभिन्न बीमारियों की जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श प्रदान किया जाएगा। साथ ही मरीजों का ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच भी की जाएगी। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. नेक दत्त अपनी सेवाएं देंगे। शिविर प्रभारी डॉ. एलएस ध्रुव ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाएं।

खेतो में लहलहा रही धान की फसल



पलारी। खेतों में फसल लहलहाने लगा है जिससे किसान प्रसन्नचित मुद्रा में नगर आ रहा है। किसानों को इस साल धान की बंपर पैदावार की उम्मीद जग गई है। ग्राम पंचायत बिनौरी के किसान सनकुमार साहू ने कहा की अब सभी किसान भाईयों का मेहनत की रंग दिखने लगे इस वर्ष अच्छी बरसात होने से किसान की चेहरे में अलग सा मुस्कान दिखने लगे अच्छी पैदावारी होने का अनुमान लगा रहे है ताकि किसान भाईयों का परिवार खेती किसानी के ऊपर निर्भर रहता है, अन्नदाता किसान सिर्फ़ अपने परिवार के लिए धान की पैदा नहीं करते जो कि पूरे भारत वासियों के साथ साथ जीव जन्तु अन्य प्राणी के लिए फसल उगाते है, तभी तो जय किसान, जय जवान की नारा लगाते।

कसडोल में 80 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन, आतिशबाजी बनेगी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विधायक संदीप साहू होंगे मुख्य अतिथि, नगर की 10 प्रतिभाओं का किया जाएगा

कसडोल नगर में विजयादशमी पर इस वर्ष भी भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति कसडोल की ओर से दशहरा मैदान में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी और बगदेवीपारा की रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन प्रमुख आकर्षण रहेगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और अलग-अलग क्षेत्रों में कसडोल का नाम रोशन करने वाली 10 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू अध्यक्षता करेंगे, जबकि पूर्व विधायक अरुण मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। कसडोल का दशहरा उत्सव अपनी भव्यता, आकर्षक आतिशबाजी और रामलीला मंचन के लिए प्रदेश में विशेष पहचान रखता है। आयोजन को देखने के लिए जांजगीर-चांपा, महासमुंद, बिलासपुर, बेमेतरा और सारंगढ़ सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस बार भी मैदान में दर्शकों की भीड़ जुटने की संभावना है।

उत्सव के दौरान बगदेवीपारा की रामलीला मंडली भगवान श्रीराम की लीला का मंचन करेगी। राम-रावण युद्ध और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।



कलकत्ता के कारीगर तैयार कर रहे पुतला

रावण के विशाल पुतले को तैयार करने के लिए कलकत्ता से आए कारीगर दीपक तिवारी अपने सहयोगियों के साथ जुटे हुए हैं। पुतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, समिति के सदस्य मैदान की व्यवस्था और आतिशबाजी सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। समिति के प्रमुख सदस्य ऋत्विक मिश्रा, अशोक यादव, रामकिशन साहू और चंदन साहू ने बताया कि नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 10 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों में नीरेन्द्र क्षत्रिय, गिरजा साय, भावेश यादव, द्वारिका निर्मलकर, कमल पटेल, रोहित साहू सहित समिति के अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता से जुड़ा यह आयोजन नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। रावण दहन से पहले लगभग एक घंटे तक भव्य आतिशबाजी की जाएगी। इसके बाद 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा।

विरोध के बाद जेसीबी से खोदे गए गड्ढों को पाटा गया

चापा में गोठान की जमीन उद्योग को देने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

चापा गांव में गोठान के लिए सुरक्षित जमीन पर जेसीबी से गड्ढे खोदे जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बताया जा रहा है कि एक स्पंज आयरन उद्योग की ओर से भेजी गई जेसीबी ने जमीन पर एक-एक कर करीब 15 गड्ढे खोद दिए। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को सामने देखकर जेसीबी चालक भी सहम गया और विरोध बढ़ने पर खोदे गए गड्ढों को पाट दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उनके अनुसार, उद्योग विभाग द्वारा राधे स्पंज आयरन के नाम पर जमीन आवंटित की गई है। जब ग्रामीणों को यह जानकारी मिली तो उनका आक्रोश और बढ़ गया। ग्रामीण सीधे सरपंच के निवास पर पहुंचे, जिसके बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों ने इस मामले में कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी और ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू को भी बुलाया। ग्रामीणों की नाराजगी को देखते हुए सरपंच मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत की ओर से न तो कोई एनओसी जारी की गई है और न ही जमीन आवंटन के संबंध में कोई प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके बाद ग्रामीण लगातार उद्योग संचालक को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे।



अल्दा और देवरी में भी प्रस्तावित संयंत्रों का विरोधः चापा से लगे ग्राम अल्दा और देवरी में भी प्रस्तावित औद्योगिक संयंत्रों को लेकर ग्रामीण विरोध जता रहे हैं। इन गांवों में कथित फर्जी एनओसी और पंचायत रजिस्टर में कूट रचना के आरोपों को लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सरकार पर लगाए आरोपः ग्रामीणों के बुलावे पर विरोध प्रदर्शन में पहुंचे कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि क्षेत्र के विधायक राजस्व मंत्री हैं, इसके बावजूद गांवों की गोठान और सुरक्षित जमीन उद्योगपतियों को आवंटित किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं।

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनीः फिलहाल ग्रामीणों के विरोध के बाद जेसीबी से खोदे गए गड्ढों को पाट दिया गया, जिससे मौके पर स्थिति शांत हो गई। हालांकि जमीन आवंटित किए जाने को लेकर ग्रामीणों में अब भी भारी नाराजगी है।

गुरु गद्दी पूजा एवं सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए मोहन



पलारी। ग्राम सर्रा पलारी में सात दिवसीय गुरु गद्दी पूजा संध्या आरती में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष महेश ढीढी बसंत जांगडे, लेख राम गनहरे, मोहर चतुर्वेदी, सुखनंदन बघेल, बाबूलाल बंजारे, कृष्णा जांगडे, एम मनहर, विनय माण्डले सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे। सामाजिक एकीकरण एवं समन्वय तथा सामाजिक सुधार गुरु घासीदास जयंती 18 दिसम्बर को ही सादगी से मनाने प्रत्येक सोमवार संध्या आरती का आयोजन कर सामाजिक सुधार के 15 बिन्दुओं पर चर्चा कर उसे अमल में लाने का आह्वान किया। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा गांव से लेकर प्रदेश तक एक लाख सदस्य बनाने का आह्वान किया। प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने कहां कि प्रदेश भर में सरगुजा से लेकर बस्तर तक संगठन विस्तार सामाजिक एकीकरण का काम चल रहा है प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा चलाए जा रहे रचनात्मक सृजनात्मक कार्यों को बताते हुए गिरौदपुरी धाम धर्मशाला मड़वा में ढाई करोड़ से अधिक की लागत पर सतनाम धर्मशाला का निर्माण सहित लगभग एक करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण राजधानी रायपुर में बहुद्देशीय भवन निर्माण हेतु 60 लाख में समाज की पैसे से जमीन खरीदी एवं दो करोड़ की लागत से बहु मंजिला बहुद्देशीय भवन निर्माण कार्य व शिक्षा के क्षेत्र में समाज के प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग एवं शिक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

सबमर्सिबल पंप चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार



खरोरा। खरोरा पुलिस ने सबमर्सिबल पंप और केबल वायर की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी जो ग्राम पाड़ाभाट नहरपार स्थित खिलेंद्र वर्मा के खेत की देखरेख करता है ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 अगस्त 2026 की शाम को वह खेत से घर लौटा था। अगले दिन 12 अगस्त की सुबह जब वह खेत पहुंचा, तो नहरपार लगे 5 एचपी का सबमर्सिबल मोटर पंप और करीब 30 फीट केबल वायर गायब थे। किसी अज्ञात चोर द्वारा सामान पार कर दिए जाने की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध युवक केबल वायर लेकर उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही खरोरा पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 04 पीएच 6731) सवार तीनों युवक रोहित यादव (24 वर्ष), पोषण यादव (24 वर्ष) पंकज वैष्णव (20 वर्ष), को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने ग्राम पाड़ाभाट नहरपार स्थित खेत से 5 एचपी सबमर्सिबल पंप और केबल वायर की चोरी करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने चोरी किया गया कॉपर वायर हेमंत कुमार देवांगन की दुकान में बेचना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का मशरूका बरामद कर लिया है। अपराध में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ विधिवत कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



बलौदाबाजार। जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर क्षेत्र में घूम रहे दो आदतन बदमाशों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। थाना पलारी एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा।

उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 14 एवं 15 के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जिला बदर आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान 15 अक्टूबर को पुलिस को दो जिला बदर आरोपियों के प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमने की सूचना मिली। आरोपी शिवम वर्मा उर्फ कथरी (26 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 12 पलारी को जिला दंडाधिकारी ने 2 सितंबर 2026 को एक वर्ष के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा सहित नौ समीपवर्ती जिलों की सीमाओं से जिला बदर किया था। इसके बावजूद वह पलारी क्षेत्र में घूम रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

416 विद्यार्थियों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में 416 विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए विद्यालय में स्वास्थ्य जांच परीक्षाएं शिविर 14 अक्टूबर बुधवार को आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 4 बजे तक रहा। स्वास्थ्य जांच शिविर का देखरेख विद्यालय के स्टाफ नर्स श्रीमती ऊषा सिलेदार के नेतृत्व में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीके ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग के आए हुए डॉक्टर टीम की सराहना करते हुए समस्त बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए और जांच करने के लिए डॉक्टरी टीम की तथा उनके विभाग की सराहना की। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हर साल नवोदय विद्यालय में बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए रखा जाता है। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ हेमू बंजारे ,डॉक्टर मनीष वर्मा, डॉक्टर कल्याणी सिंह, निलेश्वरी केवट, क्रांति कुमार, प्रजापति, युवराज कटसे, तानिया बघेल, ओम प्रकाश डहरिया, गणेश राम साहू स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल रहे । इस स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम में विद्यालय के 416 विद्यार्थियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से औषध वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर जांच कार्यक्रम में जी पी साहू, एस के पांडे एच पी पटेल, दुर्गेश चंद्रा, राजेंद्र सीका आदेश कुमार गोस्वामी, प्रशांत गायकवाड, ज्ञान प्रकाश, राघवेंद्र सोनार, शैलेंद्र, विष्णु मिश्रा, हेमराज गुजरे, योगेंद्र, मानसी, प्रगति, सुमन कौशिक, लोकनाथ, संदीप मालवीय, रंजन उपाध्याय, लोकेश्वर सिंह मैत्री, मुकेश वर्मा, कांतिलाल पोखर सिंह, राहुल राय, सरजू, चंद्रिका, रोहित कुमार, दिलीप, राजू, सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।



- पीएमश्री नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

सड़क-नाली निर्माण से मिलेगी लोगों को सुविधाएं

36.84 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के क्रम में कुल 36.84 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। संत कंवरराम वार्ड स्थित गब्बर कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण शामिल हैं। निर्माण कार्य पूर्ण होने से नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी।

शहीद हेमू कल्याणी वार्ड क्रमांक 31 में 6.18 लाख रुपए एवं 2.63 लाख रुपए की लागत से दो नाली निर्माण कार्य होंगे। मातादेवालय वार्ड में 4.49 लाख की लागत से सी.सी. रोड बनाई जाएगी। वहीं संत कंवरराम वार्ड में 9.73 लाख रुपए एवं 7.48 लाख रुपए की लागत से दो सी.सी. रोड तथा 6.53 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कराया जाएगा। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि सड़क, नाली और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएं आम नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ी हैं। विकास योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उनका लाभ सीधे जनता तक पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर जोर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है।



जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में सभापति गोविन्द पटेल, सतीश तलरेजा, कुंजराम कोशले, भावना प्रकाश ठाकुर, भुवन ठाकुर, राजा कामनानी, महाबल बघेल, राकेश मंधान, संतोष वर्मा, देवेंद्र साहू, सुरेश साहू, सलीम खान, मधु सोनी, आयशा खान, चंद्रकला साय, रूपेश किंगरानी, उमा मंधान, धनेश मधवानी, जगदीश शोभवानी, अमन ठाकुर, बलदेव मंधान, प्रकाश ढुलानी, रोशन मिश्रा, शंकर ठाकुर, अशोक किंगरानी, मैशी सचदेव, श्याम आर्य, वेद प्रकाश थौरानी, रागिनी डोंडे, सरिता साहू, गोपी ध्रुव सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कंप्यूटर सेंटर जा रही युवती पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

थाना क्षेत्र की प्रार्थीया ने द्वारा थाना सिमगा में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह 16 अप्रैल 2026 से सिमगा क्षेत्र के एक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में कोर्स कर रही है। इस दौरान आरोपी उसका लगातार उसका पीछा करता था और परेशान करता था। आज 16 अक्टूबर को सुबह करीब 09:00 बजे जब प्रार्थीया अपने कंप्यूटर सेंटर जा रही थी तब आरोपी खिलावन निषाद पिता धरमू निषाद, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम गुजरा, थाना तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर पीछे-पीछे आया और शादी करने की बात कहते हुए प्रार्थीया को चाकू दिखाकर डराने लगा।बीच-बचाव करने पर आरोपी ने प्रार्थीया के दाहिने हाथ के अंगूठे के पास चाकू से वार कर चोट पहुंचाई। प्रार्थीया के चिल्लाने पर आसपास के अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया। प्रार्थीया की शिकायत पर थाना सिमगा में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 78(2), 351(2), 115(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा गवाहों के समक्ष आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग चाकू जप्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



विभिन्न वार्डों में विराजीं माता रानी











पलारी। नगर पंचायत रोहांसी के विभिन्न वार्ड में विराजमान हैं माता रानी।

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय साइकिलिंग स्पर्धा में रोशनी और रश्मि का चयन





सिमगा। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतर्गत साइकलिंग विधा में सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के रोशनी और रश्मि का चयन होने से खेल प्रेमियों में हर्ष का वातावरण है। इस बारे में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि नया रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय साइकिलिंग स्पर्धा में रश्मि साहू पिता हिरावन साहू तथा रोशनी साहू पिता सुंदर लाल साहू दोनों ही ग्राम मुड़पार निवासी व दोनों ही कक्ष 9 वीं की छात्रा है। दोनों ही छात्रा नया रायपुर में 14 से 17 अक्टूबर तक आयोजित उक्त प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किये। इस संबंध में बलौदाबाजार जिला ओलंपिक संघ के सचिव आदित्य सिंह ठाकुर ने शुभकामनाएं दी। इस उपलब्धि के लिएष दौलत पाल, डोमार सिंह मारकंडे, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर वर्मा, उप सरपंच लोकनाथ वर्मा, प्राचार्य भीष्म कुमार पैकरा, शिक्षक उत्तम कुमार साहू इसके अलावा ग्राम नवापारा व मुड़पार के समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।


जय मॉ शारदा दुर्गोत्सव गोवर्धन चौक धनसुली।


नवयुवक दुर्गोत्सव धरसा पारा धनसुली।


नवदुर्गोत्सव डबरा पारा धनसुली।


नवयुवक दुर्गोत्सव गॉधी चौक धनसुली।


जय महाकाल दुर्गोत्सव समिति-गॉधी चौक कुर्रा।

उत्सव : महामाई मंदिर में 430 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर कसडोल नगर सहित पूरे अंचल में माता सेवा की गूंज सुनाई दे रही है। मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है, वहीं गली-मोहल्लों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ माता की सेवा में जुटे हुए हैं। माता रानी के जयकारों, भक्ति गीतों और पूजा-अर्चना से पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। नवरात्र के दौरान नगर के प्रसिद्ध महामाई मंदिर में माता रानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक 406 तेल एवं 24 घी के मनोकामना ज्योति कलश, कुल 430 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। ज्योति कलशों की जगमगाती लौ के बीच भक्त माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। प्रतिदिन मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही है। इसी तरह नगर के समलाई माता, बगदेवी माता, चंडी माता, शीतला माता और गायत्री माता मंदिरों में भी ज्योति कलश स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। नवरात्र के अवसर





पर इन मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। भक्तजन माता के दरबार में पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

दुर्गा पंडालों में भक्ति और उत्साह का माहौल: नगर के बजरंग चौक, दुर्गा चौक, हड़हा पारा, सिरपुर रोड, बलार रोड, पुराना बस स्टैंड तथा पारस नगर सेक्टर-1 एवं सेक्टर-2 में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आकर्षक ढंग से सजाए गए पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शाम होते ही पंडालों में दर्शनार्थियों की आवाजाही बढ़ जाती है। मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

सेवा, झाकियां एवं जगराता कार्यक्रम का आयोजन : नगर की विभिन्न माता सेवा समितियों के सदस्य भी नवरात्र पर्व को सफल बनाने में उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं। समितियों के सदस्य पूजा-अर्चना, व्यवस्था और माता सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। शाम के समय श्रद्धालु एक पंडाल से दूसरे पंडाल में पहुंचकर माता रानी के दर्शन करते हैं और सामूहिक रूप से माता सेवा में शामिल होते हैं। दुर्गा पंडालो सेवा, झांकिया एवं जगराता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

आस्था और सामूहिक सेवा का पर्व बना नवरात्र: कसडोल में शारदीय नवरात्र केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता, सामूहिक सहभागिता और सेवा भावना का भी प्रतीक बन गया है। नगर के विभिन्न मंदिरों और दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी से पर्व की रौनक बढ़ गई है। महामाई मंदिर में जगमगाते मनोकामना ज्योति कलश और विभिन्न पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तों के बीच पूरे कसडोल नगर में माता रानी के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

254 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित





खरोरा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर खरोरा अंचल के ग्राम कठिया नं. 1 एवं भरुवाडीह कला में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। दोनों गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह से लेकर शाम तक माता के जयकारों, भक्ति गीतों और जस गीतों से गांवों का वातावरण भक्तिमय हो रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना कर रहे हैं। ग्राम कठिया नं. 1 के लीला चौक में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिदिन पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, गांव के श्री जय मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में 254 ज्योति कलशों की स्थापना की गई है, जो श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और भक्ति का प्रतीक है।मंदिर के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामवासी तिलक राम बघेल ने बताया कि मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के प्रति क्षेत्र के लोगों की अटूट श्रद्धा है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन और पूरी आस्था के साथ माता के दरबार में अपनी मनोकामना लेकर आते हैं, माता उनकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। यही कारण है कि कठिया नं. 1 सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इसी क्रम में ग्राम भरुवाडीह कला में भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां ग्रामवासियों द्वारा प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना, सेवा गीत, जस गीत तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

151 कन्याओं का पूजन कर कराया कन्या भोज



खरोरा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरोरा में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पंचमी तिथि को कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिशु कक्षा अरुण से कक्षा चतुर्थ तक की 151 बालिकाओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहनें मां दुर्गा, मां लक्ष्मी एवं मां सरस्वती के विभिन्न स्वरूपों में सजकर विद्यालय पहुंचीं। अभिभावक मातृशक्तियों ने कन्याओं का तिलक लगाकर पूजन किया तथा मां दुर्गा की आरती गाकर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। इसके पश्चात कन्याओं को खीर, पूड़ी, हलवा, केला सहित विभिन्न पकवानों का भोज कराया गया। साथ ही उन्हें दक्षिणा एवं श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के कन्या भारती, शिशु भारती एवं बालिका शिक्षा दीदियों द्वारा बाल भारती कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं नारी शक्ति के सम्मान के संस्कारों को विद्यार्थियों में विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद अंबिका बंछोर, अग्रवाल महिला समाज खरोरा की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, रंजीता गुप्ता एवं कंचन वर्मा सहित अभिभावक मातृशक्तियों की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की समस्त कक्षाचार्याओं एवं शिक्षा दीदियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का वातावरण रहा। कन्या पूजन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान रखने का संदेश दिया गया।

जानवी जस जगराता परिवार ने दी मनमोहक प्रस्तुति





खरोरा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत छड़िया में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। पंचमी के शुभ अवसर पर बैकुंठ पारा दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य जस जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भरुवाडीह के जानवी जस जगराता परिवार की पूरी टीम ने मनमोहक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में कृष्णा मेक्जिन से सुनील लाटा एवं देवदूत राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत छड़िया के सरपंच प्रतिनिधि उगेंद देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बैकुंठ पारा दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम में कलाकारों ने माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक देवी जसगीत और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा।

मधुर संगीत और ओजपूर्ण जसगीतों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने ग्राम छड़िया की समृद्ध लोकसंस्कृति, धार्मिक आस्था और पारंपरिक लोककलाओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर नेतराम वर्मा, गोविंद वर्मा, दीपक वर्मा, मन्नू वर्मा, ढुलेश वर्मा, सोहन यादव, सोनू वर्मा, साहिल देवांगन, राजेश वर्मा, देवेंद्र वर्मा, अजय चतुर्वेदी, तिरनाथ वर्मा, घनश्याम वर्मा, रिखी वर्मा, तेजराम यादव, मोहन वर्मा एवं घनश्याम चतुर्वेदी, महेश देवांगन, शेरसिंह यादव सहित समिति के समस्त सदस्य तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अल्का नाइट में खुब झूमें लोग

पलारी। नव युवा दुर्गा उत्सव समिति घिरघोल मे आयोजित अल्का चंद्राकर परघनिया रात्रिकालीन जगराता कार्यक्रम में जस जवारा गीतों मे लोग खुब झूमते नाचते कार्यक्रम का लुप्त उठाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कसडोल क्षेत्र के विधायक साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू, रवि बंजारे जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जिला पं सदस्य भारती साहू, सभापति चंद्रप्रभा साहू, सभापति जामवंतिन साहू, धन्नू साहू, साहू समाज छात्रावास जिला ब. बा., सरपंच विष्णु वैष्णव, हेमकुमार साहू पूर्व सरपंच, गुलाब साहू, डॉ. हेमंत साहू, नीलकमल साहू, भूषण वर्मा, सुकालूराम यदु, मोहन साहू, मदन साहू, दिलीप साहू, दिलेंद्र, रामाधार, देवनाथ, शत्रुघ्न, पीताम्बर, राहुल, कोमल साहु, मंच संचालक पूरन जायसवाल शिक्षक पंच गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



तुरतुरिया धाम में जगमगा रहे आस्था के 1500 ज्योति कलश



कसडोल। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर सिरपुर मार्ग पर स्थित तुरतुरिया धाम में शारदीय नवरात्र के अवसर पर आस्था और भक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिल रहा है। घने जंगलों और ऊंची पहाड़ियों के बीच बसे इस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पर कुल 1500 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। पहाड़ी पर स्थित पहाड़ावाली माता के मंदिर में 1200 और नीचे वाल्मीकि आश्रम परिसर में 300 ज्योति कलश प्रज्वलित हैं। दीपों की रोशनी से जगमगाता धाम माता के जयकारों से गूंज रहा है। तुरतुरिया धाम में विराजमान पहाड़ावाली माता को देवी काली के स्वरूप में पूजा जाता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, माता संतानदात्री हैं। संतान प्राप्ति की कामना लेकर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। भक्त मनोकामना पूर्ण होने पर माता के दरबार में चढ़ावा अर्पित कर आभार जताते हैं। नवरात्र के दौरान सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए भी विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। तुरतुरिया धाम का संबंध रामायण की पौराणिक परंपराओं से भी जुड़ा है। मान्यता है कि वनवास के दौरान माता सीता ने इसी क्षेत्र में आश्रय लिया था और यहीं लव-कुश का जन्म हुआ था। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम से जुड़ी इन मान्यताओं के कारण यह स्थल धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। बालमदेही नदी के तट पर स्थित तुरतुरिया का गोमुखी प्राकृतिक झरना भी पर्यटकों को आकर्षित करता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, झरने से निकलने वाली 'तुरतुर' जैसी ध्वनि के कारण इस स्थान का नाम तुरतुरिया पड़ा। चारों ओर फैली हरियाली, पहाड़ियां और घने जंगल यहां की सुंदरता बढ़ाते हैं।

बांसबिनौरी में नवरात्रि की धूम



पलारी। समीप के ग्राम बांसबिनौरी में नवरात्र की धूम है मां दुर्गे के 9 स्वरूपों की विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है हर दिन जगराता आयोजित किए जा रहे हैं। दूरदराज से लोग माता के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुच रहे हैं।

ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक रावन सीमेंट संयंत्र के सीएसआर विभाग एवं ग्राम पंचायत औरासी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अपने अभिनय, संवाद और संदेशों के जरिए उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों एवं युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत की सरपंच नीमा लिलेन्द्र साहू ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नशामुक्ति का संदेश जनहित में महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में उपयोगी पहल बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, पंचगण, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बीरसिंग निषाद, ग्रामवासी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अल्ट्राटेक रावन सीमेंट के सीएसआर हेड निरुपा श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा टीम के सदस्य सुरेंद्र यादव, ताराचंद वर्मा, सुनीता निषाद एवं गुमान साहू का योगदान रहा।



अंचल में नवरात्रि की धूम


ओम शॉति दुर्गोत्सव गोवर्धन चौक मूरा।


जय मॉ चण्डी दुर्गोत्सव बाजार चौक मूरा।


जय महामाई बजरंग चौक मूरा।


जय महामाई दुर्गोत्सव बजरंग चौक मूरा।


ऊं जय मॉ दुर्गा समिति पत्थर खदान-मूरा।


महाकाल दुर्गोत्सव पोराभॉठा-मूरा।

खबर संक्षेप



महाविद्यालय में विशेष मतदाता शिविर का आयोजन

बलौदाबाजार। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में शुक्रवार को प्राचार्य प्रो. धनंजय मिश्र के मार्गदर्शन में विशेष मतदाता शिविर का आयोजन किया गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। शिविर में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नाम एवं अन्य विवरणों में संशोधन कराने तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोकतंत्र में मतदान के महत्व, निष्पक्ष मतदान और प्रत्येक मतदाता की भूमिका के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों एवं नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय औधेलिया के साथ भानू प्रताप साहू, योगेश पटेल, भोलाराम वर्मा,सूर्यकांत भारद्वाज एवं अनीता टंडन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पर्व: गांवों में रिकॉर्डिंग डांस,जगराता और सांस्कृतिक लोककला मंच की प्रस्तुतियां हो रही

जसगीत और पचरा से गूंजे पंडाल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

शारदीय नवरात्र पर्व के चलते बंगोली अंचल के बरौंडा, कुर्रा, धनसुली, मूरा व पिकरीडीह मे गली मोहल्ले, चौक-चौराहों मे जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है। संध्या होते ही जसगीत सेवा समिति के कलाकारों द्वारा मॉदर, ढोलक, झॉझ, मंजीरा के साथ सभी दुर्गा पंडालों में मॉ की जसगीत, पचरा गाकर मॉ की सेवा करते हैं। नवरात्र पर्व बड़ मनभावन संध्या होते ही सभी पंडालों मे रंग बिरंगी रंगीन लाईटों से सजी मॉ दुर्गा की पंडाल मे मॉ के अन्नय भक्तों की भारी भीड़ रहती है। नवरात्रि के अवसर पर अंचल के ग्रामों में रिकार्डिंग डांस, जस गीत झांकी, जगराता, सॉस्कृतिक लोककला मंच की प्रस्तुति हो रही है जिसका लाभ ग्रामवासी उठा रहे हैं। विगत रात्रि नवोदय दुर्गोत्सव के तत्वावधान में बाजार चौक बंगोली के रंगमंच पर राजनादगॉव की रिकॉर्डिंग डांस मन की मैना संपन्न हुए जिसका आनंद लिया।


नवोदय दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक बंगोली ।


नवयुवक दुर्गोत्सव समिति भाटापारा बंगोली।


नवयुवक दुर्गोत्सव बस स्टैण्ड पारा बंगोली।


नवजागृति दुर्गोत्सव समिति बजरंग चौक बंगोली।

नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने माता अम्बे भवानी के भंडारे का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नगर के पुराना आरटीओ कार्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर नवरात्रि पर्व के अवसर पर माता अम्बे भवानी के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने माता की पूजा-अर्चना एवं आरती कर भंडारे का शुभारंभ किया।

प्रसादी वितरण से पहले विधिवत पूजन एवं आरती की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भंडारा आयोजक मुकेश पंजवानी की श्रद्धा एवं भक्ति की सराहना करते हुए आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों को बधाई दी। नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे एवं प्रसादी वितरण के आयोजन किए जा रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से दूरस्थ गांवों से आने वाले श्रद्धालुओं और नगर के दर्शनार्थियों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद रोहित साहू, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, आयोजन सहयोगी सुधीर जैन, धीरज साहू, प्रदीप ध्रुव, मनोज साहू, असीम बिश्नोई, सनोज सिंह, धनुष वर्मा, मनीष सिरमौर, राजा यादव एवं पुरुषोत्तम जायसवाल सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

दुर्गा दरबार मे बेटियों ने रंगोली सजाई

बंगोली। समीपस्थ ग्राम मूरा के गोवर्धन चौक में मॉ दुर्गा की पंडाल दरबार में कुमारी खुशी धीवर, पुष्पॉजली धीवर, सुषमा धीवर, माही धीवर, सलुजा यादव, नेहा यादव एवं पिंकी वर्मा सभी मिलकर रंगोली से जगत जननी मॉ जगदंबे की ऑगन सजाई है।





जिले के सात शिक्षकों ने हासिल किया एडवांस्ड स्काउट मास्टर का प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



भारत स्काउट एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय एडवांस्ड स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर में 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव के प्रेरणा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट्स एसके गेंदले के आदेशानुसार तथा जिला सहायक आयुक्त राजेंद्र टंडन, जिला सचिव डॉक्टर जगदीश साहू, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड बलौदाबाजार के बेसिक प्रशिक्षित स्काउटर धनेश कुमार वर्मा प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला रसेडा, भगवत प्रसाद चंद्राकर प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला कासियारा, रामूलाल लहरे व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैंदा, धनंजय कुमार साहू मां सरस्वती शिशु मंदिर सरखोर, दिगेश्वर प्रसाद साहू, मनोज कुमार ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला चीचिरदा द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न विधाओं से पारंगत हुए और एडवांस्ड स्काउट मास्टर का प्रमाण पत्र हासिल किया जिससे इन स्कूलों में स्काउट के बच्चे राज्य पुरस्कार के लिए तैयार हो सकेंगे तथा यह अपने स्कूलों में स्काउटिंग गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करेंगे विकासखंड बलौदाबाजार से एक साथ 7 स्काउटर द्वारा एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण प्राप्त करना विकासखंड बलौदाबाजार के लिए गौरव की बात है इसके लिए स्थानीय संघ अध्यक्ष मानक चन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेश केसरवानी, मुरारी लाल साहू, लीडर ट्रेनर खोडसराम कश्यप, वंदना तिवारी जिला आयुक्त गाइड ,स्काउट मास्टर नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेंद्र सोनवानी, गंगाराम वर्मा, तिलक वर्मा, चंद्रकांत वर्मा, पारथ वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, मनोज कुमार वर्मा आदि ने शुभकामना दिए हैं।



बेटे की याद में स्कूली बच्चों को कराया नेवता भोज



अर्जुनी। टोनाटार निवासी स्वर्गीय ओमेश कांत यादव के 26 वें जन्मदिवस पर उनके परिजनों ने उन्हें याद करते हुए भावुक और प्रेरणादायी पहल की। बेटे की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए माता-पिता चाचा चाची एवं भाई बहन ने ग्राम टोनाटार के पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों के लिए 16 अक्टूबर को स्कूल प्रांगण में नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया और पढ़ाई में उपयोगी पेन भी वितरित किए गए। न्योता भोज में विद्यार्थियों को खीर पुड़ी पापड़ केला परोसा गया। परिवार के सदस्यों ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा की। जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भोजन के साथ शैक्षणिक सामग्री देकर उनका उत्साह बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस दौरान पिता प्रधानपाठक नारांतक यादव, माता अनीता देवी यादव, भैया कोमलकांत यादव, बहन खिलेश्वरी यादव, चाचा कमलेश यादव, चाची प्रभा यादव, उपसरपंच पिंकू वर्मा, पंच राहुल घृतलहरें, युवा सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार कमलेश रजक, रोजगार सहायक करमदा गोपीचंद पटेल उपस्थित थे।

